दिनांक : 19.02.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

पीएम-एआई इम्पैक्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस- एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि इसे विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उदघाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दुनिया एक ऐसे युग में प्रवेश कर रही है जहां मनुष्य और बुद्धिमान प्रणालियां सह-निर्माण, सह-कार्य और सह-विकास करेंगी। उन्होंने कहा कि एआई कार्य को अधिक स्मार्ट, अधिक कुशल और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। प्रधानमंत्री ने वैश्विक कल्याण के लिए एआई के प्रति सामूहिक संकल्प विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत एआई में अवसर और भविष्य की रूपरेखा देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी केन्द्र है।

रमज़ान

देश के कई हिस्सों में कल शाम चाँद दिखाई देने के साथ ही आज से रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है।

आज रमजान के पवित्र महीने का पहला दिन है। रमज़ान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इस महीने के अंत में ईद–उल–फितर मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने रमजान मुबारक कहा और आशा व्यक्त की शुभ महीना समाज में एकता की भावना को मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कामना की सभी जगह शांति और समृद्धि बनी रहे। समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।

मौसम

प्रदेश में मौसम के बदले मिजाज ने एक बार फिर ठिठुरन बढ़ा दी है। प्रदेश में सक्रिय हुए नए वेदर सिस्टम के कारण पिछले 12 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन समेत 20 से अधिक जिलों में गरज-चमक के

साथ बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई है। आज सुबह राजधानी भोपाल और आसपास के इलाकों में हुई तेज बारिश से तापमान में भारी गिरावट आई है, जहाँ खजुराहो 9.2 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका रहा। इस बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है क्योंकि कई जिलों में खेतों में खड़ी फसलें आड़ी हो गई हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में और अधिक बारिश की चेतावनी जारी की है, हालांकि 21 फरवरी से मौसम साफ होने की उम्मीद जताई गई है।

क्रिकेट टी-ट्वेंटी

आईसीसी टी-ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज ने इटली को 166 रन का लक्ष्य दिया है। वेस्टइंडीज ने निर्धारित बीस ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाये।

आज दो अन्य मैच भी खेले जाएंगे। कोलंबो में दोपहर 3 बजे श्रीलंका का मुकाबला जिम्बाब्वे से और चेन्नई में शाम 7 बजे अफगानिस्तान का मुकाबला कनाडा से होगा।

इस बीच, आईसीसी टी20 विश्व कप का सुपर 8 चरण में आठ टीमों ने अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ग्रुप 1 में भारत, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे हैं, जबकि ग्रुप 2 में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। शनिवार को टूर्नामेंट के अगले दौर में आठ टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए खेलेगी।

समाचार संक्षेप में ....

- सीहोर जिला प्रशासन द्वारा डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 'युवा संगम रोजगार मेले' का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 19 प्रतिष्ठित कंपनियां लगभग 1300 से अधिक पदों पर सीधी भर्ती करेंगी।

- पिछले साल की तरह इस साल भी कटनी सहित पूरे प्रदेश में गिद्ध गणना का कार्य कल 20 से 22 फरवरी तक किया जाएगा। यह गणना वन परिक्षेत्र कटनी, रीठी एवं विजयराघवगढ़ के अंतर्गत किया जायेगा।
- झाबुआ जिले में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में राणापुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए विभाग ने एक मकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है।
- राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आगरमालवा जिले के ग्राम मैना में कल से सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरूआत हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर के उद्देश्यों, प्रस्तावित गतिविधियों तथा समाज सेवा में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला ।

....